
# जॉर्ज और ड्रैगन

ऐनी एडेनी




# जॉर्ज और ड्रैगन

ऐनी एडेनी



जॉर्ज एक ताकतवर और बहादुर सैनिक था.


वो बायर्ड नाम के अपने घोड़े पर सवारी करता था.



एक दिन जॉर्ज ने राजा और उसके लोगों को रोते-बिलखते देखा. "क्या हुआ?" जॉर्ज ने उनसे पूछा.




"जल्द ही ड्रैगन मेरी बेटी को खा जाएगा!" राजा ने रोते हुए कहा.



"देखो, हमारा एकमात्र पानी एक झरने से आता है,

और उस झरने पर भयंकर ड्रैगन का कब्ज़ा है.





जब तक हम उसे हर दिन नहीं खाना नहीं खिलाते,

तब तक वो हमें पानी नहीं लेने देता है.

वो पहले ही हमारी सारी भेड़-बकरियाँ खा चुका है."






"अब वो हर दिन खाने के लिए एक जवान लड़की की मांग कर रहा है," राजा ने कहा.

"पहली लड़की कौन हो यह चुनने लिए हमने एक लिए लॉटरी निकाली और उसमें राजकुमारी का पहला नंबर आया!"

"कृपया उस दुष्ट ड्रैगन से लड़ो," राजा ने जॉर्ज से विनती की. "नहीं तो राजकुमारी और हमारी सभी जवान लड़कियाँ मारी जाएँगी!"






"मैं उस लालची ड्रैगन से ज़रूर लड़ूंगा," बहादुर जॉर्ज ने कहा. फिर उसने अपना कवच पहना और अपने हथियार उठाए.

जॉर्ज का घोडा बेयार्ड, उसे शहर के


ठीक नीचे स्थित झरने तक ले गया.





शहर के लोग डर के मारे

उन्हें सुरक्षित दूरी से देखते रहे.




तभी ज़बरदस्त दुर्गंध हवा में भर गई.

अचानक गड़गड़ाहट जैसी गर्जना हुई और

ड्रैगन आसमान से नीचे उतरा. उसके विशाल

पंखों ने सूर्य की रोशनी को रोक लिया.





ड्रैगन के मुंह से एक बड़ी ज्वाला निकली.

उससे जॉर्ज के घोड़े की बेयर्ड की पूँछ जल गई.



जॉर्ज ने हमला किया और अपने

भाले को ड्रैगन के शरीर पर ज़ोर से मारा.



लेकिन ड्रैगन की झिलमिलाती चमड़ी इतनी कठोर थी कि जॉर्ज का भाला सैकड़ों टुकड़ों में टूटकर बिखर गया.



जॉर्ज जमीन पर गिर पड़ा और उसका घोड़ा बेयर्ड अपनी सुरक्षा के लिए शहर की ओर दौड़ पड़ा. जॉर्ज एक पेड़ के नीचे नीचे लेट गया और उसने अपनी म्यान से तलवार बाहर निकाली.





लपटों के एक और विस्फोट ने उस पेड़ को आग लगा दी और उस गर्मी से जॉर्ज का सैनिक कवच जलकर ख़ाक हो गया.




बिना किसी कवच के जॉर्ज, चट्टानों के बीच छिप गया. अपने शिकार को खोजने के लिए ड्रैगन दहाड़ने लगा.

ड्रैगन ने अपने पंख उठाए और वो जॉर्ज को खोजने के लिए आकाश में उड़ा. जब ड्रैगन नीचे उतर रहा था तब बहादुर जॉर्ज ने छलांग लगाई और अपनी तलवार ड्रैगन के पंखों के नीचे घुसा दी.


वहां पर ड्रैगन को बचाने के लिए कोई भी मोटी चमड़ी नहीं थी इसलिए जॉर्ज की तलवार सीधे ड्रैगन के दिल में जा घुसी.





ड्रैगन के शरीर से गहरे रंग का खून फूट पड़ा


और उसने जमीन को दागदार कर दिया.



अब ड्रैगन मर गया था पर

राजकुमारी बच गई थी!

शहर के लोग बेहद खुश हुए और राजा ने जॉर्ज को इनाम के रूप में सोने का एक बड़ा थैला दिया.



जॉर्ज ने उस पैसे का उपयोग शहर के लोगों के लिए कुछ भेड़ और बकरियाँ खरीदने के लिए किया. फिर जॉर्ज चुपचाप अपने रास्ते चलता बना.

